## खबर संक्षेप

### एमडीएम में लापरवाही पर समूह को दायित्व से किया मुक्त

**कटनी।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी के राधा स्वसहायता समूह द्वारा मध्यान्ह भोजन वितरण में लापरवाही बरतने पर जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने समूह को मध्यान्ह भोजन संचालन के दायित्व से मुक्त करने की कार्रवाई की है। उल्लेखनीय की 26 जनवरी को विशेष भोज के दौरान प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कांटी में समूह द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं परोसा गया। समूह द्वारा भोजन पकाने की सामग्री किचन शेड में नहीं रखा जाना भी पाया गया। जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि राधा स्व सहायता समूह के स्थान पर शासकीय माध्यमिक शाला प्रबंधन समिति कांटी को मध्यान्ह भोजन संचालन का दायित्व सौंपा गया है। जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने विकासखंड ढीमरखेड़ा की एकीकृत माध्यमिक शाला टोला में दुर्गा स्व सहायता समूह द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

### शासकीय विद्यालयों में 1 मई से 15 जून तक अवकाश घोषित

**कटनी।** राज्य शासन ने समस्त शासकीय संस्थाओं में वर्ष 2024-25 के अवकाश घोषित कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए 1 मई से 15 जून 2024 तक एवं शिक्षकों के लिए 1 मई से 31 मई 2024 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। वहीं नवीन शैक्षणिक-सत्र 1 अप्रैल 2024 से शुरू हो गया है। प्रदेश के समस्त शासकीय विद्यालयों में 11 अक्टूबर 2024 से 13 अक्टूबर 2024 तक दशहरा अवकाश, 29 अक्टूबर 2024 से 3 नवंबर 2024 तक दीपावली अवकाश एवं 31 दिसंबर 2024 से 4 जनवरी 2025 तक शीतकालीन अवकाश विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए रहेगा।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

**कटनी।** नेशनल लोक अदालत शनिवार 11 मई को आयोजित की जा रही है। नेशनल लोक अदालत में सभी तरह के कम्पाउण्डेवल मामलों के निराकरण का प्रयास किया जायेगा जिसमें मध्यप्रदेश सरकार पक्षकार है। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों की संतुष्टि के साथ लंबित मामलों का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में मुख्य रूप से आपराधिक समझौता योग्य प्रकरण, धन वसूली संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावे से संबंधित मामले, श्रम एवं रोजगार विवादों से संबंधित मामले, बिजली, पानी और अन्य बिल भुगतान से संबंधित मामले, वैवाहिक विवादों से संबंधित मामले (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, वेतन-भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ के सेवा मामलों से संबंधित प्रकरणों के साथ राजस्व से संबंधित मामलों के निराकरण के प्रयास भी किये जायेंगे।

### मतगणना के संबंध में निर्वाचन आयोग के निर्देश

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना स्थल पर मीडिया कर्मियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। आयोग के निर्देश अनुसार मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान मोबाइल ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। मीडिया कर्मी केवल मतगणना स्थल पर बने मीडिया सेंटर तक एक मोबाइल, कैमरा, लैपटॉप, ट्रायपॉड ले जा सकेंगे। मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान मीडिया के लिए चिन्हित स्थान तक अल्प अवधि के लिए मीडिया कर्मियों को वीडियो कैमरा एवं स्टील कैमरा ले जाने की अनुमति होगी। मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान व्यक्तिगत सीयू, वीवीपैट या मतपत्र पर दर्ज किए गए मतदान की तस्वीर खींचना प्रतिबंधित है। मीडियाकर्मी सीमित संख्या के बैच में स्कॉट ऑफिसर्स के साथ ही मतगणना कक्ष का भ्रमण करेंगे। पासधारी मीडिया कर्मियों को ही मतगणना स्थल, मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी।

ढीमरखेड़ा के घुघरी ग्राम पंचायत का मामला, शिकायत के बाद जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# शोपीस बनकर रह गई नलजल योजना बोरवेल पड़ा बंद, महीने भर से नल ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शुमार हर घर नल से जल योजना पंचायतों में लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन नल-जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत घुघरी में जिम्मेदारों की बेपरवाही के चलते लोंगों को नल-जल योजना की टोंटी से एक बूंद पानी नसीब नहीं हो पा रहा है।जिसके चलते ग्रमीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। बीते एक महीने से ग्रामीण की बूंद बूंद को तरस रहे हैं। नदी सूखने और जल स्तर कम होने से हैंडपंप भी दम तोड़ने लगे हैं।

गांव के लखन नामदेव,विनोद बर्मन, श्याम सिंह ठाकुर सहित अन्य लोंगों ने बताया कि गांव में 25 मार्च से अब तक यानि एक महीने से ज्यादा का समय बीत गया लोंगों को नलों का पानी नहीं मिल रहा है। लोंगों के घरों में लगे नल से जल नहीं टपक रहा है। भीषण गर्मी में लोंगों को पीने का पानी नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शिकायत किया, लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।गर्मी में दूर से






पानी लाने ग्रामीण मजबूर हैं।घरों में लगे नलों की टोंटियां सूख गई है। जगत सिंह ठाकुर, मोहम्मद शकील सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव नल जल योजना के तहत ग्रामीणों के घरों में पानी पहुँचे, इसके लिए कनेक्शन किये गए हैं। गांव में पानी की टंकी का निर्माण भी कराया गया है। जिस बोर से टंकी में पानी भरकर ग्रामीणों के घर तक पहुँचाया जाता है था वह बोर बन्द पड़ा है। टंकी में पानी नहीं पहुँच पा रहा है, जिससे ग्रामीणों के घरों की पानी सप्लाई भी बंद है।वहीं जिस बोर से सीधे नलों में पानी की सप्लाई होती थी वह बोर भी बंद हो गया है।

अब लोगों के घरों में पीने का पानी नहीं पहुँच पा रहा है। गांव में लगे हैंडपंपों और निजी नलकूपों से पानी लाने ग्रामीण मजबूर हैं। गांव से सटकर बेलकुण्ड नदी निकली है। नदी का पानी भी सूख गया है। पानी का स्तर नीचे होने से हैंडपंपों से पानी कम निकल रहा है। ऐसे में ग्रामीणों की समस्या और अधिक बढ़ गई है। एक महीने से अधिक का समय बीत गया है और ग्रामीणों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं बनाई गई। ग्रामीणों को हो रही पानी की समस्या को लेकर ग्राम पंचायत के जिम्मेदार गंभीर है न तो पीएचई विभाग के अधिकारी। गर्मी के इस मौसम में पानी के न मिलने से गांव के लोग दिक्कत में है। ग्रामीणों ने बताया कि घरों में नल लगे होने के बाद भी पानी तक नहीं टपक रहा है। निजी नलकूपों से पानी लाने में भी लोंगों में बहस और लड़ाई होती है। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि ऐसे हालात इसके पहले कभी नहीं बने।

गांव से गुजरी नदी भी सूख गई और गांव की नल जल योजना भी ठप पड़ी है।ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को नल जल योजना बन्द होने की लिखित शिकायत किया है। सीएम हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराते हुए उन्होंने गांव में अन्य दूसरा बोर कराने की मांग किया है। ताकि गांव में पानी की सप्लाई हो सके और लोगों के घरों तक पानी पहुँचे।

#### इनका कहना है

कार्यपालन यंत्री, पीएचई के.एस.डामोर का कहना है कि घुघरी में नल जल योजना बन्द होने की शिकायत अब तक नहीं मिली। योजना के बोर बंद होने की जानकारी आपके माध्यम से मिल रही है। अचार संहिता के चलते नया बोर नहीं कर सकते है। यहाँ अब चुनाव सम्पन्न हो गए हैं। परमिशन लेकर जल्द ही ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराया जाएगा।



## पक्षियों का जीवन बचाने के लिए सकोरा में रखा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय हरित योजना के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय परिसर में पेड़ों पर बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने में अब राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सकोरा रखने के जरिए आगे आ रहे हैं। इसके साथ ही कई स्वयं सेवको ने अपने-अपने घरों की छतों पर भी दाना पानी हेतु सकुर रख रहे हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस के खरे ने कहा कि यदि पक्षियों का संरक्षण करना है तो हमें पक्षियों को गर्मियों के समय में दाना - पानी देना आवश्यक है यदि हम लोग जागरूक नहीं होंगे तो आने वाले समय में पक्षियों की संख्या दिन प्रतिदिन घटती जाएगी, जो कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हानिकारक होगी। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हमें जीव -जंतुओं का भी संरक्षण करना होगा। उन्होंने कहा कि वे पक्षियों के लिए दाना पानी की उचित व्यवस्था कर अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करें ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पक्षियों को राहत मिल सके।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ रुक्मणी प्रताप सिंह जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉक्टर माधुरी गर्ग कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, ज्योत्सना आठ्या प्रभारी इको क्लब, ,डॉ सरदार दिवाकर एनसीसी अधिकारी, लक्ष्मी नायक, डॉ नाहिद सिद्दीकी, डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, डॉ वीरेंद्र कुमार द्विवेदी, उर्मिला दुबे सहित विद्यार्थियों में गायत्री बर्मन, आकाश दुबे,स्वाति मौर्य, विक्रम सिंह उपस्थित रहे।

*बरही थाना क्षेत्र के ग्राम उबरा का मामला*

## वृद्ध महिला ने कीटनाशक दवा का किया सेवन, प्रताड़ित करने आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही थाना क्षेत्र के उबरा गांव में एक वृद्ध महिला ने मानसिक प्रताड़ना के चलते कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। स्वजन को जानकारी लगने पर महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत ठीक बताई जा रही है। महिला के जहर पीने की जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बरही पुलिस को जानकारी भेजी गई है। जानकारी के अनुसार पीडित महिला श्याम बाई पति बाबूलाल विश्वकर्मा 65 वर्ष के पुत्र मुन्ना लाल विश्वकर्मा ने बताया कि मां श्याम बाई विश्वकर्मा मानसिक रूप प्रताडित होने के कारण कीटनाशक का सेवन किया है। जिसका जिम्मेदार सिया ट्रैक्टर एजेंसी का मालिक व एजेंट है।

मुन्नालाल ने बताया कि 16 अप्रैल को मेरे पिता बाबूलाल विश्वकर्मा को बरही सिया ट्रैक्टर एजेंसी मालिक व एजेंट द्वारा बहला फुसला कर ट्रैक्टर बेचा गया। ट्रैक्टर का लालच देकर उनसे डेढ़ लाख रुपये हथिया लिए गए। यह डेढ़ लाख रुपये उसकी मां की जमा पूंजी के थे जिसे पिता ने बिना पूछे ले लिये और ट्रैक्टर एजेंसी मालिक व एजेंट देकर ट्रैक्टर घर में खड़ा करा लिया। मां श्याम बाई और मैने इसका विरोध किया कि उनको ट्रेक्टर नहीं चाहिए तुम डेढ लाख वापस करके ट्रेक्टर ले जाओ लेकिन एजेंसी मालिक व एजेंट ने उसकी एक नहीं सुनी।

ट्रेक्टर की बाकी रकम वसूलने सोमवार की शाम एजेंसी मालिक व एजेंट खेत का सौदा करने एक खरीदार को लेकर गांव पहुंच गए। खेत बेचने की खबर सुनकर मां परेशान होने लगी। वह खेत पर पहुंची और खेत बेचने का विरोध किया तो एजेंसी मालिक व एजेंट ने बुजुर्ग महिला को अपशब्द कहते धमकाया गया। एजेंसी मालिक ने महिला को धमकाते हुए कहा कि मैं तुम्हें बर्बाद कर दूंगा व खेत खलियान सब नीलाम करवा दूंगा और ट्रैक्टर भी नहीं दूंगा। इस बात से आहत होकर महिला होकर रात में कीटनाशक का सेवन कर लिया। जैसे ही एजेंसी मालिक को मां के कीटनाशक पीने की जानकारी लगी वह मेरे घर जाकर ट्रैक्टर मेरे घर से उठा ले गया है।

ट्रैक्टर एजेंसी मालिक ने इस मामले बताया कि मेरे ऊपर लगाए गए सभी आरोप मिथ्या हैं। ट्रैक्टर फाइनेंस करने की बात कही थी और फाइनेंस ना होने की स्थिति में वापस ट्रेक्टर एजेंसी में ले आया हूं। साथ ही महिला का पैसा भी वापस करने तैयार हूं।

वहीं डॉ. राजमणि पटेल ने अस्पताल में भर्ती महिला की रिपोर्ट स्वास्थ्य केंद्र से बरही पुलिस को भेज दी है। लेकिन पुलिस इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। पुलिस मामले संज्ञान में नहीं होने की जानकारी दे रही है जबकि बरही स्वास्थ्य केंद्र से महिला के कीटनाशक पीने की जानकारी पुलिस को भेजी गई है।

## बस स्टैण्ड में गंदगी से आवागमन हो रहा दूभर



उमरियापान के न्यू बस स्टैंड में सड़क पर नाली का गंदा पानी बह रहा है। इससे राहगीर संग स्थानीय लोगों का पैदल चलना दुश्वार हो गया है। नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने के कारण जल भराव हो जाता है। इसी गंदगी से होकर लोंगों को निकलना मजबूरी हो गई है। बस स्टेंड होने से सुबह से यात्रियों का लोगों का आना जाना शुरू हो जाता है। मंदिरों के लिए भी सुबह के समय श्रद्धालुओं का जाना होता है। सभी सड़क पर बह रही गंदगी को पारकर ही निकलते हैं।जो भी सुबह से गंदगी के बीच से होकर निकलता है, जिम्मेदारों को कोसते है। नालियां जाम होने के चलते नाली की गंदगी सड़कों पर बहती है।

## नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों के संबंध में अधिकारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष धरमिन्दर सिंह राठौड के मार्गदर्शन में 11 मई को जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील सिविल न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में अधिक संख्या में विद्युत प्रकरणों का निराकरण कर आमजन को राहत देने के उद्देश्य से बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमान् धरमिन्दर सिंह राठौड के द्वारा कटनी जिले के विद्युत विभाग के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारियों की मीटिंग ली गई जिसमें अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र से संबंधित समझौता



योग्य प्रकरणों में पक्षकारों को आपसी सहमति से नेशनल लोक अदालत में प्रकरण का निराकरण करने हेतु प्रेरित करने के लिए कहा ताकि पक्षकार नेशनल लोक अदालत का लाभ उठा सकें।

इस अवसर पर राजेन्द्र कुमार शर्मा विशेष न्यायाधीश, अमित रंजन समाधिया जिला न्यायाधीश, निलेश कुमार जिरेती सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नदीम जावेद खान जिला रजिस्ट्रार, अनुज कुमार चंसौरिया जिला विधिक सहायता अधिकारी सहित विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री श्रीराम पाण्डेय एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

*नीट की तैयारी कर रहा था छात्र, जांच में जुटी पुलिस*

## युवक ने की आत्महत्या, फांसी पर लटका देख सन्न रह गये परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एनकेजे थाना के रोशन नगर में 48 घंटे के भीतर दो युवकों द्वारा खुदकुशी किये जाने की घटना से क्षेत्र में सनसनी मची हुई है। तीन दिन पहले एक लोको पायलट ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। वहीं मंगलवार की रात को एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक नीट की तैयारी कर रहा था और स्वजनों को भी इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया। पुलिस ने शव का पीएम कराया है और मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार रोशन नगर निवासी आनंद प्रताप सिंह



पिता मुन्ना सिंह 20 वर्ष का परिवार मूलतः विजयराघवगढ़ बघेली गांव का रहने वाला था। कुछ साल पूर्व आनंद के पिता ने कटनी में रोशन नगर में मकान बना लिया था और उनका परिवार यहीं पर निवास रहा था। आनंद कटनी में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था और इसी माह की पांच तारीख को उसका पेपर था।

मंगलवार की रात को आनंद ने सभी के साथ खाना खाया और उसके बाद अपने कमरे में पढ़ाई कर रहा था। रात 12 बजे पिता उसके कमरे में पहुंचे तो युवक सामान्य रूप से पढ़ाई कर रहा था। जिसके बाद स्वजन अपने कमरों में चले गए और सो गए। सुबह जब परिवार के लोग उसके कमरे में पहुंचे तो युवक कमरे में नहीं था। आवाज लगाने पर उसने कोई जवाब नहीं दिया तो दूसरे कमरे में उसे देखने पहुंचे। जहां पर आनंद ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। युवक को फंदे पर लटका देखकर परिवार के लोगों अवाक रह गए।

स्वजनों के चीखने व रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े। कुछ ही देर में युवक के घर के पास लोगों की भीड़ लग गई। घटना की जानकारी एनकेजे पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम किया और शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। जहां पर पीएम कराते हुए शव को स्वजनों को सौंप दिया गया। स्वजनों ने बताया कि युवक सीधा-साधा था और उसने किसी भी प्रकार की परेशानी होने की बात स्वजनों से नहीं बताई। अचानक से उसने आत्मघाती कदम किस कारण से उठाया, इसकी जानकारी स्वजनों को नहीं है और न ही युवक ने इस संबंध में कोई सुसाइट नोट भी छोड़ा है। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों की बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

## विभाग में गठित समितियों की तय समय-सीमा मे बैठकें सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में बुधवार शाम जिले के विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले के विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके विभागों के लिए गठित की गई विभिन्न समितियों जिनके अध्यक्ष कलेक्टर है, की बैठक तय समय अवधि में आयोजित की जाए, ताकि समिति गठन के उद्देश्यों को अर्जित किया जा सके।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों से उनके विभागों से संबंधित गठित



समितियों तथा समिति गठन के संबंध में शासन के आवश्यक दिशा- निर्देशों एवं सर्कुलर आदि की जानकारी ली जाकर तय समयावधि में बैठक आयोजित करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, गृह विभाग, वन विभाग, खनिज विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग, राजस्व विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, वित्त विभाग, सूक्ष्म लघु मध्यम एवं उद्यम विभाग, खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, सहकारिता विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, उद्यानिकी विभाग, श्रम विभाग, खेल विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं निःशक्त कल्याण विभाग, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, पर्यावरण विभाग, उर्जा विभाग, जल संसाधन विभाग, भारत निर्वाचन आयोग, जल विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, पंजीयन विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं यात्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल, आयुष विभाग, आबकारी विभाग, परिवहन विभाग, मत्स्य पालन विभाग तथा संस्कृति विभाग सहित नेहरू युवा केन्द्र विभाग अंतर्गत आनें वाली विभागीय समितियों की जानकारी ली जाकर आवश्यकतानुसार मासिक एवं त्रैमासिक बैठकें आयोजित करनें के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, ज्योति लिल्हारे, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, सीएमएचओ डॉ राजेश आठ्या, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शारदा सिंह, कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई के.एस. डामोर, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव, जिला संयोजक पूजा द्विवेदी, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस सौरभ नामदेव, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार सहित अन्य विभागीय जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## मजदूर दिवस पर आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी धरमिन्दर सिंह राठौड के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर बुधवार 01 मई 2024 को लेबर चौराहा आजाद चौक कटनी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर पैरालीगल वालेंटियर श्री मुकेश द्विवेदी के द्वारा शिविर में उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुये प्रत्येक मजदूर से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आव्हान किया और कहा कि यदि उन्हें अपने अधिकारों को संरक्षित करने में किसी प्रकार की समस्या आती है तो वे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी से संपर्क कर सकते है और श्रमिकों को टोल फ्री नं. 15100 के बारे में तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा श्रमिकों के हित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा श्रमिकों को अपना रजिस्ट्रेशन कराने के लिये भी कहा साथ ही अवगत कराया गया कि यदि उन्हें रजिस्ट्रेशन कराने में कोई समस्या आती है तो वे श्रम कार्यालय में अथवा जनपद पंचायत कार्यालय में संपर्क कर सकते है। साथ ही श्रमिको को निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी और बताया कि पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ तहसील स्तर से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक प्राप्त है। इस अवसर पर अधिक संख्या में श्रमिक उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप



### पुलिया निर्माण कार्य के कारण आवागमन होगा प्रतिबंधित

**कटनी।** विगत दिनों ईश्वरी पुरा वार्ड अंतर्गत मुख्य मार्ग में आजाद चौक के पास पुलिया निर्माण कार्य कराया जा रहा था किंतु लोकसभा आम चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए उक्त कार्य को तत्समय में बंद कराया गया था। चुनाव उपरांत उक्त कार्य को पुनः दिनांक 2 मई 2024 से प्रारंभ किया जाना है जिस कारण मिशन चौक से आजाद चौक जाने की बाई तरफ वाहनों का आवागमन बंद करने की आवश्यकता है जिससे कार्य के दौरान कोई व्यवधान न हो। अतः उक्त स्थल पुलिया निर्माण के दौरान मिशन चौक से आजाद चौक तक बाई तरफ अर्थात मस्जिद तरफ वाहनों का आवागमन बंद होगा ताकि निर्माण कार्य वर्षा ऋतु के पूर्व पूर्ण कराया जा सके। नगर निगम द्वारा आमजनों से उक्त कार्य के दौरान आवागमन में सहयोग की अपील की है।

### जतिन लाहोरिया ने बीईओ का पदभार सम्भाला



**बड़वारा।** विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नवागत विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जतिन लाहोरिया ने पदभार ग्रहण किया उन्होंने पूर्व विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बीआर भगत से चार्ज प्राप्त किया। पदभार ग्रहण करते ही सबसे पहले विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जतिन लाहोरिया ने सर्वप्रथम विभागीय कर्मचारियों से औपचारिक भेंट की ततपश्चात कर्मचारियों को शासन की मंशानुसार अपने अपने कार्यों एवम दायित्वों का निर्वहन करने की बात कही। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी शिक्षक अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से करें, सभी शिक्षक अपने अपने स्कूलों में समय से पहुंचकर शैक्षणिक कार्य करें ।
छात्र छात्राओं को शिक्षा के अधिकार के तहत उन्हें उत्तम शिक्षा प्रदाय की जाए इस बात का विशेष ख्याल रखा जाएगा जो भी शिक्षक शिक्षिकाएं अपने कार्यों एवम दायित्वों के परिपालन में लापरवाही करेंगे उन पर शासन के नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एसडीएम ने सरपंच का निर्वाचन किया शून्य

**कटनी।** जिले की रीठी ग्राम पंचायत के सरपंच का निर्वाचन शून्य घोषित करने का मामला प्रकाश में आया है। यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी कटनी के द्वारा एक शिकायत को आधार बनाकर की गई है। अनुविभागीय अधिकारी कटनी के द्वारा इस संबंध में एक पत्र भी रीठी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखा गया है। जिसके मुताबिक मेनरोड रीठी निवासी महेन्द्र कुमार पिता विजय कुमार जैन के द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 122 सहपठित मध्यप्रदेश पंचायत(निर्वाचन अर्जिया भ्रष्टाचार और सदस्यता के लिए निर्हरता) नियम 1995 के अंतर्गत चुनाव याचिका ग्राम पंचायत रीठी के सरपंच पद के निर्वाचन से दुखित होकर इस न्यायालय में निर्वाचन याचिका अंतर्गत धारा 122 मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 के तहत याचिका प्रस्तुत की गई। याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत याचिका को विधिवत पंजीबद्ध किया जाकर अनावेदकगणों को आहूत किया गया। इस याचिका पर विधि अनुसार कार्यवाही किया जाकर 29 अप्रैल को आदेश पारित किया गया। जिसके तहत रीठी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रीठी के प्रत्यर्थी क्रमांक 1 हनीफ मोहम्मद पिता इनाजात मोहम्मद खान का सरपंच पद पर किया गया निर्वाचन शून्य घोषित किया जाता है।

## जिले भर में गेहूं खरीदी के लिए बनाये गए हैं 85 उपार्जन केन्द्र

# अब तक 4773 किसानों से 30 हजार 624 मीट्रिक टन गेहूं का हुआ उपार्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए जिले में इस साल बुधवार 1 मई की स्थिति में 30 हजार 624 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर उपार्जित गेहूं का किसानों को अब तक 12 करोड़ रुपए का भुगतान जे.आई.टी पोर्टल के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में कर दिया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने शेष किसानों को भुगतान की कार्यवाही तथा उपार्जित गेंहू का परिवहन के कार्य निरंतर जारी रखनें के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए है।

जिले में इस वर्ष 85 खरीदी केंद्रों के माध्यम से किये जा रहे उपार्जन कार्य के दौरान समर्थन मूल्य पर अब तक 4 हजार 773 किसानों से एक लाख 30 हजार 624 मेट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जाकर 24 हजार 239 मैट्रिक टन गेहूं का परिवहन किया जा चुका है जो उपार्जित गेहूं का 79 फीसदी से भी अधिक है, तथा 6 हजार 385 मैट्रिक टन गेहूं का परिवहन होना बाकी है।

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी कार्य 20 मई 2024 तक जारी रहेगा। जिले में इस वर्ष 85 खरीदी केंद्रों के माध्यम से उपार्जन कार्य किया जा रहा है। किसानों को गेहूं का 2400 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य दिया जा रहा है।

समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के मामले में ढीमरखेड़ा तहसील जिले में अव्वल है। यहां के 1982 किसानों से 11 हजार 782 मेट्रिक टन गेहूं उपार्जन किया जा चुका है। जबकि बहोरीबंद तहसील में 1684 किसानों से 10 हजार 921 मेट्रिक टन और कटनी तहसील में 119 किसानों से 941 मेट्रिक टन गेहूं, बड़वारा तहसील में 37 किसानों से 197 मेट्रिक टन और बरही तहसील में 141 किसानों से 873 मैट्रिक टन तथा रीठी तहसील में 255 किसानों से 1 हजार 570 मेट्रिक टन गेहूं और विजयराघवगढ़ तहसील में 142 किसानों से 1 हजार 312 मेट्रिक टन गेहूं तथा स्लीमनाबाद तहसील में 413 किसानों से 3 हजार 28 मेट्रिक टन गेहूं उपार्जित किया जा चुका है।

### 85 केंद्रों में उपार्जन

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य के सुचारू संचालन एवं किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिले में 85 गेहूं उपार्जन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा उपार्जित गेहूं की भंडारण व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए दो गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्र का निर्धारण किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी किये गये आदेश अनुसार तहसील स्लीमनाबाद स्थित उपार्जन केन्द्र तेवरी, संस्था प्राथमिक कृषि साख समिति के लिए तिवारी ब्रदर्स वेयरहाउस तेवरी को उपार्जन केंद्र स्थापित किया गया है। इसी तरह तहसील बड़वारा में उपार्जन केन्द्र अमाड़ी, प्राथमिक कृषि साख समिति कांटी अमाड़ी संस्था हेतु मार्कफेड गोदाम मझगवां को गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्र स्थापित किया है।



# माई नदी को पुनर्जीवित करने शुरू की गई पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के बीच से गुजरने वाली माई नदी जिसे सिमरार नदी के नाम से भी जाना जाता है, को पुनर्जीवित करने का कार्य कलेक्टर अवि प्रसाद एवम शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन,नगर निगम,जनपद पंचायत, ग्राम पंचायतों एवम जनसहयोग के संयुक्त तत्वाधान में 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर प्रात 8:00 बजे श्रमदान से प्रारंभ किया गया है, माई नदी को पुनर्जीवन प्रदान करने हेतु नदी की खुदाई व सफाई से शुरुआत की गई, इसमें जेसीबी मशीन के साथ विभिन्न विभागों के मजदूरों के द्वारा श्रमदान कर कार्य में सहभागिता दी गई। उक्त कार्य लगभग एक माह तक चलेगा। इस दौरान निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल, एस.डी.एम प्रदीप मिश्रा, उपायुक्त पी के अहिरवार, सीईओ जनपद पंचायत प्रदीप सिंह, प्र.कार्यपालन यंत्री के केपी शर्मा, सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक खनिज अधिकारी, खनिज निरीक्षक कमलकांत परस्ते, नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह, प्र.सहायक यंत्री,आदेश जैन,सुनील सिंह,अनिल जयसवाल, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, उपयंत्री जेपी सिंह बघेल, पप्पू बजाज नीरा सेठिया एवं नगर निगम, जिला प्रशासन, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायतो के सचिव एवम रोजगार सहायकों के साथ कर्मचारियो की उपस्थिति रही।

## रिपोर्ट दर्ज कराने दोनो पक्षों की ओर से भीड़ पहुंची थाना

# कैमोर में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, पिता-पुत्र सहित भतीजे पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रास्ता रोककर युवक के साथ मारपीट करने के मामले में कैमोर पुलिस ने नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस नेता गणेश राव सहित परिवार के तीन अन्य सदस्यों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। बताया जाता है कि भठिया मोहल्ला निवासी रज्जाक खान नामक युवक का रास्ता रोक कर उसके साथ मारपीट करने, वाहन में तोडफ़ोड़ करने एवं जान से मारने की धमकी देने का अपराध दर्ज किया है। वहीं गणेश राव के भतीजे शिवम राव की शिकायत पर तेजेंदर सिंह उर्फ सनी सरदार, रज्जाक खान एवं नीरज शर्मा नामक युवक के विरुद्ध भी मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रज्जाक खान ने अपनी शिकायत में बताया है कि वह रात्रि में अपने वाहन से अपने घर भठिया मोहल्ला जा रहा था तभी शिवम राव और उसके भाइयों ने उसका रास्ता रोक लिया। शिवम राव ने उसे धमकाते हुए कहा कि तुम व्हाट्सएप ग्रुप में मेरे बब्बा गणेश राव के विरुद्ध उल्टा सीधा लिखते रहते हो, इसका अंजाम ठीक नहीं होगा।

रज्जाक के अनुसार उसने बताया कि उसने व्हाट्सएप ग्रुप में कुछ नहीं लिखा, किसी अन्य ग्रुप की पोस्ट शेयर की थी। बस इसी बात पर शुभम राव उसके भाई संदीप राव, पंकज राव और पिता गणेश राव ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दीं। उसकी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। रज्जाक की शिकायत पर गणेश राव सहित उनके पुत्र संदीप राव, पंकज राव एवं भतीजे शिवम राव के विरुद्ध धारा 341, 294, 323, 324, 427, 506 एवं 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं तेजेंदर सिंह एवं रज्जाक खान के विरुद्ध शिकायत लेकर थाने पहुंचे गणेश राव के भतीजे शिवम राव ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर के समीप चर्च के मोड़ पर खड़ा था, तभी तेजेंदर सिंह उर्फ सनी सरदार, रज्जाक खान और नीरज शर्मा उसके पास पहुंचे। इन लोगों ने कहा तुम आजकल बहुत नेतागिरी कर रहे तुम्हें सबक सिखाना जरूरी है। इसके बाद तीनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शिवम राव की शिकायत पर सनी सरदार, रज्जाक एवं नीरज शर्मा के विरुद्ध धारा 294, 323, 324, 506 एवं 34 के तहत मामला कायम किया गया है। बताया गया कि बीती रात दोनों पक्षों में हुए विवाद के बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने दोनों तरफ से भारी भीड़ थाने पहुंच गई थी। थाना प्रभारी ने दोनों पक्षो को समझाइश देकर शांत कराया और दोनों पक्षों की शिकायत पर अपराध दर्ज कराया। मारपीट में दोनों पक्षों के लोग घायल भी हुए हैं। जिनका मुलाहिजा कराया गया है। चिकित्सीय परीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाई भी जा सकती है।

## अस्पताल में भर्ती मरीजों को किया फल वितरित



राहत समर्पण सेवा समिति के 1 वर्ष पूर्ण होने पर समिति के सदस्यों एवं सिविल अस्पताल स्टॉफ द्वारा प्रथम वर्षगांठ मनाई गई जिसमें सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में उपस्थित सभी मरीजों और उनके साथियों को फल एवं स्वल्फाहार वितरण करके खुशी मनाई गई। इस दौरान डॉ. विनोद कुमार (BMO), डॉ. धनेश्वरी सिंह (Gynecologist), डॉ. डेनियल परमार (MO), डॉ. गुलसर अहमद, सीनियर नर्सिंग ऑफिसियर रत्ना ठाकुर, नर्सिंग ऑफिसियर प्रभा देवी, प्रिया उर्मिला, प्रीति पटेल एवं समिति के मेम्बर डॉ. शारदा प्रसाद साहू (अध्यक्ष), डॉ.विपिन पटेल (उपाध्यक्ष), देवनारायण मौर्य (प्रबंधकरणी समिति) डॉ. प्रियांश जैन जी (मानव संसाधन प्रमुख), की उपस्थित रही। मार्गदर्शक सत्याराम साहू (कोषाध्यक्ष), खेमराज (सचिव), कार्तिकेय तिवारी (सह.सचिव) और विकास कोरी के मार्गदर्शक में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# चोरी का सामान एवं विस्फोटक पदार्थ नहीं रखने कबाड़ दुकान संचालकों को हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं डॉ संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अथीक्षक, श्रीमति ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक जिला कटनी के मार्गदर्शन में अनूप सिहं थाना प्रभारी थाना माथवनगर एवम् स्टॉफ के व्दारा अपने पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र अंतर्गत कबाड़ियों की दुकानों पर कबाड़ की सघन चेकिंग की गई। विगत दिनों जिला जबलपुर के खजरी खिरिया स्थित कबाड़ के गोदाम में हुए भीषण विस्फोट को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत रंजन के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर स्थित कबाड़ी गोदामों के यहां औचक चेकिंग कार्यवाही की गई। चेकिंग के दौरान कबाड़ गोदाम में रखें रजिस्टर एवं अन्य दस्तावेजों को भी चेक किया जा रहा है।

### ...तो होगी कार्यवाही

चेकिंग उपरांत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही चेकिंग कार्यवाही के दौरान कबाड़ का काम करने वाले व्यापारियों को पाबंद किया गया है कि कोई भी चोरी का माल नहीं ले। इसके बावजूद अगर किसी भी कबाड़ व्यापारी के यहां स्क्रैब में चोरी का सामान बरामद हुआ तो उसके खिलाफ पुलिस सख्त कार्यावाही करेगी। साथ ही किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ एवं ज्वलनशील सामग्री इत्यादि कबाड़ गोदाम में नहीं रखने हेतु समझाइश दी गई।

## जंगल में सजा था जुआ फड़, पुलिस ने दी दबिश

# धरे गये पांच जुआरी, 3 मोटर साइकिल सहित 4 मोबाइल व 6800 रूपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रंगनाथ नगर पुलिस ने जुआ खेल रहे जुआरियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रंगनाथनगर उप निरीक्षक नवीन नामदेव के नेतृत्व में आधी रात में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के जंगल में जुआं की महफिल जमा रहे जुआडियों को धरदबोचा गया। जुआडियों से काफी मात्रा में नगदी व अन्य सामान जब्त किया गया।

थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि थाना रंगनाथ नगर अंतर्गत पर्यावरण मस्जिद के पीछे मैदान पर कुछ व्यक्तियों द्वारा हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेलने की सूचना प्राप्त होने पर थाना रंगनाथ नगर स्टाफ द्वारा मौके पर रेड कार्यवाही करते हुए सतेन्द्र यादव पिता रामसेवक यादव 35 साल निवासी साहू मोहल्ला मंगलनगर थाना रंगनाथनगर, सेखू अंसारी पिता फिरोज उम्र 28 साल निवासी टाईन 1 क्वा.नं.1/1 गांधीनगर ओएफके थाना रंगनाथनगर, अनुराग चौवे पिता आंनद 18 साल निवासी सरकारी स्कूल के पास कुठला बस्ती थाना रंगनाथनगर, रोहित चौधरी पिता बिन्दा चौधरी 34 साल निवासी पर्यावरण कालोनी ओएफके, शुभ जयसवाल पिता संजय जयसवाल उम्र 28 साल निवासी शिवाजीनगर थाना कुठला, नीरज खटिक पिता चमन लाल 32 साल निवासी सिविल लाईन जौहर गली थाना कोतवाली जिला कटनी को घेराबंदी करके पकड़ा गया। एक अन्य व्यक्ति शक्ति प्रताप सिंह वहां से फरार हो गया। उपरोक्त व्यक्तियों के ऊपर पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त आरोपियों से 6800 रूपये नगदी, तीन मोटरसाइकिल तथा चार मोबाइल कुल कीमती करीबन 2 लाख का सामान जप्त किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत अभिजीत रंजन द्वारा सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के साथ शांति व्यवस्था बनाने के लिए आदेशित किया गया था।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रंगनाथ नगर उप निरीक्षक नवीन नामदेव, सउनि विनोद चौधरी, प्रधान आरक्षक अजय तिवारी, प्र आर गोविंद, आरक्षक नवीन शुक्ला, आरक्षक पंजाब सिंह, आरक्षक अंकित पटेल, आरक्षक नवल किशोर सिंह एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## अलग अलग नस्ल के 7 कुत्तों का कराया रेस्क्यू

# पुणे से कटनी पहुंची पशु प्रेमी महिला, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पुणे की एक पशु प्रेमी महिला को कटनी के कोतवाली क्षेत्र में एक युवक द्वारा श्वानों को क्रूरतापूर्वक रखने की सूचना मिली। जिसके चलते वे बुधवार को कटनी पहुंची और पुलिस को सूचना देने के साथ ही उन्होंने संबंधित स्थान पर जाकर सात श्वानों का रेस्क्यू कराया। श्वानों को सुरक्षित स्थान पर रखवाया गया है और एक माह तक उनकी देखरेख नगर के समाजसेवी चिकित्सक करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने युवक के खिलाफ शिकायत भी कोतवाली थाना को दी है।

### देखभाल में लापरवाही

जानकारी के अनुसार पुणे निवासी मीना भारद्वाज पशु प्रेमी होने के साथ ही पशुओं की सुरक्षा को लेकर काम करने वाली संस्था की सदस्य हैं। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से उनको सूचना मिली कि कटनी के तिलक राष्ट्रीय स्कूल के पास नितिन कुंडे नामक युवक ने अपने घर में अलग-अलग नस्ल के श्वान रखे हुए हैं और उनकी देखभाल नहीं की जा रही है। न उनको समय पर भोजन दिया जा रहा है और न ही पानी ही उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी डाला गया था। पुणे की संस्था की सदस्य मीना भारद्वाज को वह वीडियो मिला और उसके बाद वे पुणे से कटनी पहुंची। मीना ने बताया कि उन्होंने कटनी पहुंचकर मेनका गांधी से चर्चा की और कोतवाली थाना प्रभारी की बात कराई। जिसके बाद वे पुलिस के साथ तिलक राष्ट्रीय स्कूल नितिन कुंडे के यहां पहुंची और उनके पास से सात श्वानों को रेस्क्यू किया, जिनकी हालत ठीक नहीं थी। खाना, पानी समय पर न मिलने से श्वान बीमारी की हालत में थे।

पशु प्रेमी मीना ने बताया कि शहर के चिकित्सक व समाजसेवी डा. सौरभ चौधरी ने एक माह तक श्वानों की देखरेख व दवा कराने के लिए अपने हिरवारा स्थित लिटिल स्टार फाउंडेशन में स्थान दिया है और वे उनकी खुद देखरेख करेंगे। इसके अलावा एक माह बाद यदि चिकित्सक उनको अपने पास रखने को राजी होंगे तो उनको वहीं पर छोड़ा जाएगा और उनके तैयार न होने पर आगे उनको सुरक्षित रखवाने की व्यवस्था कराई जाएगी। दूसरी ओर उन्होंने श्वानों को क्रूरतापूर्वक रखने वाले युवक के खिलाफ कोतवाली में शिकायत भी दर्ज कराई है, हालांकि पहले स्वयं से श्वानों को सौंप देने के कारण युवक पर मामला दर्ज न कराने की बात भी उन्होंने कही है।

### निर्देशों की अव्हेलना पर होगी कार्यवाही, सजा व जुर्माना

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान प्रथम चरण की मतदान तिथि 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से 01 जून की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतरू प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी की गई है। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

# भीषण गर्मी में लू से बचाव के लिए बरतें सावधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रारजेश आठ्या ने बताया कि वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु के मौसम के दौरान बढ़ती धूप की तपन (लू) से सावधानी एवं शरीर को मौसमी बीमारी से बचाव हेतु आमजन को आवश्यक बातों का ध्यान रखना आवश्यक है।

घर से बाहर निकलने से पहले भरपेट पानी अवश्य पियें। धूप में जाते समय सूती कपड़े पहने और सिर और कान को सूती कपड़े से ढंक कर रखें।

धूप में घूमने वाले व्यक्ति नमक, शक्करयुक्त कोई तरल पदार्थ या ओ.आर.एस. घोल का अधिक सेवन करें। नींबू पानी, आम की केरी का पना, शिकंजी या मट्ठा अधिक से अधिक पियें। भरपेट भोजन करके ही बाहर निकलें। हमेशा ताजा भोजन, फल और सब्जियों खायें। यथा संभव धूप में अधिक न निकले।

### बरतें एहतियात


धूप में खाली पेट न निकलें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। बुखार में शरीर का तापमान न बढ़ने दें, ठंडे पानी की पट्टी रखें। कूलर या कंडीशनर से धूप में एकदम न निकलें। मिर्च-मसाले युक्त भोजन न करें। बासी भोजन, बासी फल, बासी सलाद न खायें।

### लू लगने पर क्या करें

व्यक्ति को फौरन छायादार जगह में लिटायें। व्यक्ति के कपड़े ढील करें। उसे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल (ओ.आर.एस.), कच्चे आम का पानी पिलायें। ताप घटाने के लिये, व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखें।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रगीत का हुआ सामूहिक गायन



**पन्ना।** मई माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रगीत वंदे-मातरम का सामूहिक गायन हुआ। राष्ट्रगीत के गायन के बाद शासकीय कार्य की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### भागवत कथा भगवान के 24 अवतारों का वर्णन



**पन्ना।** नगर के रानीगंज मोहल्ला गुरुद्वारा के पीछे खेर माता मार्ग पर पुत्र जन्म के उपलक्ष में यादव परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा व्यास पंडित श्री प्रमोद कृष्ण जी महाराज ने कथा के दूसरे दिन भगवान श्री कृष्ण के 24 अवतारों की कथा का विस्तार से वर्णन किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सत्य बोलना सत्य के मार्ग पर चलना ही प्रथम धर्म है। जो व्यक्ति सत्य का साथ देता है वह हमेशा सुखी जीवन जीता है।जो व्यक्ति झूठ बोलता है वह व्यक्ति इस श्लोक और परलोक में कभी सुखी नहीं रह सकता है, उसके घर में हमेशा व्याधियां व्याप्त रहती हैं। कथा के मुख्य यजवान भवानी दीन यादव एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुननी यादव है। यादव परिवार ने नगर के सभी भगवत प्रेमियों से आग्रह किया है कि शाम 4 बजे से शाम 8 बजे तक भागवत कथा का रसपान करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कथा पंडाल में पहुंचकर धर्म लाभ उठाएं।

### कार चालक ने ऑटो को पीछे से मारी टक्कर



**पन्ना।** जिले के पवई-कटनी रोड में ऑटो में अनाज लेकर कटनी की ओर जा रहे चाचा भतीजे को शराब के नशे में धुत्त एक कार चालक के द्वारा पीछे से टक्कर मार दी गई जिससे ऑटो सड़क किनारे खाई में पलट गया और दोनों चाचा भतीजे घायल हो कर बेहोश हो गए। घायल एवं बेहोश चाचा भतीजे को तड़पता हुआ छोड़कर कार चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों के द्वारा किसी तरह दोनों घायलों को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया और घायलों के मोबाइलों से प्राप्त नंबरों पर फोन करके परिवार के सदस्यों को सूचना दी, जिस पर परिवार के सदस्य अमानगंज अस्पताल पहुंचे, डॉक्टर ने घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार उपरांत जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया है जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घटना में घायल रामजी अर्जरिया और उनका भतीजा अजय अर्जरिया दोनों निवासी अमानगंज के सिर कमर पैर एवं पीठ में चोटें आई हैं। चाचा का सिर फट गया है एवं भतीजे का कान कट गया है।

### कलेक्टर ने स्ट्रांग रुम का किया निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा प्रतिदिन सुबह-शाम शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना पहुंचकर स्ट्रांग रुम स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार को भी सुबह जिला कलेक्टर द्वारा निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी और एलईडी टीवी की जांच कर सुरक्षा प्रहरियों को पूरी सजगता के साथ पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाए रखने के निर्देश दिए।

### श्री गंगा सिंह का निधन



**पन्ना।** पन्ना के टीवी इतिहास के प्रथम पुरुष पीएचएन केबिल नेटवर्क के संस्थापक व योगेंद्र सिंह राजेन बाबू के पिता श्री गंगा सिंह जी के देह अवसान की दुःखद खबर है। परमात्मा से पवित्र आत्मा को अपने ह्रदय कमल मैं स्थान देने व परिजनों को इस अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं।

---

सीएम राइज का परीक्षा परिणाम रहा सबसे कम, वनांचल क्षेत्र के स्कूलों का शत प्रतिशत

# पहले नहीं दिया ध्यान, अब रिजल्ट पर घमासान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा




संपूर्ण सुविधाओं के साथ बेहतर शिक्षा देने की उद्देश्य को लेकर प्रदेश सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। हटा में बीते तीन वर्षों से उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में सीएम राइज स्कूल का संचालन किया जा रहा है, स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षकों की नियुक्ति चयन परीक्षा के माध्यम से की गई है इसके बावजूद सीएम राइज स्कूल का शिक्षा स्तर नहीं सुधर पा रहा है। इस वर्ष कक्षा आठवीं का परिणाम 28% ही रहा। इसके अलावा नगरी क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालय बजरिया बोर्ड स्कूल का परिणाम भी 7. 89% रहा वहीं माध्यमिक स्कूल बड़ा हटा का 47.73% रहा जो काफी निराशाजनक है जबकि इन स्कूलों में शासकीय शिक्षकों की भरमार है जिन्हें सरकार प्रतिमाह लाखों रुपए वेतन दे रही है इसी के साथ वर्ष भर में दो-तीन प्रशिक्षण शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए दिए जाते हैं जिसमें शिक्षा विभाग लाखों रुपए खर्च करती है लेकिन इसके बावजूद भी यहां पदस्थ शिक्षकों की लाचारी के चलते शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है जिसका खामियाजा यहां अध्यनरत बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

### वनांचल क्षेत्र के शिक्षक विहीन स्कूल रहे अव्वल

देखा जाए तो हटा संकुल केंद्र के नगरी क्षेत्र के सभी प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों में बच्चों की जनसंख्या के अनुपात से भी अधिक इन विद्यालयों में शिक्षक पदस्थ हैं लेकिन गौर करने वाली बात है कि हटा विकासखंड की वनांचल क्षेत्र की कुछ विद्यालय जो शिक्षक विहीन है जिन स्कूलों की जिम्मेवारी अतिथि शिक्षकों के भरोसे है जहां के परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहे जिसमें रजपुरा संकुल अंतर्गत पीएस रजपुरा, करकोई, चौरइया, पाटन, कलकुआं एकीकृत, श्यामरसिंघी, मदनपुरा, धूरखेडा, मजरा आदि स्कूलों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

उल्लेखनीय है कि हटा के सबसे बड़े सीएम राइज विद्यालय के माध्यमिक विभाग कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम काफी निराशाजनक रहा जो चर्चा का विषय है, जिसे लेकर विद्यालय की शिक्षा व्यस्था शिक्षकों की कर्तव्य परायणता व विद्यालय की अस्मिता, विश्वसनीयता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। गौर करने वाली बात है कि इस विद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने वाले सैकड़ो हजारों बच्चों ने शासन प्रशासन के बड़े-बड़े पदों को सुशोभित किया है अपने अभिभावकों और नगर का मान बढ़ाया फिर आज ऐसी दुर्गति की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई, इन सवालों की ओर किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है सिर्फ रिजल्ट को लेकर हाय तौबा मचाना ही काफी नहीं है बल्कि स्कूल की उस दुर्दशा पर ध्यान दिया जाना जरूरी है जो ऐसे परीक्षा परिणाम के लिए उत्तरदाई है। आज देखा जाए तो हर माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दीक्षा देने के चलते अच्छे स्कूल में बच्चों को पढ़ाते हैं शासकीय स्कूल के शिक्षक भी यह जानते हैं कि शासकीय स्कूलों में पढ़ाई अच्छी नहीं होती इसलिए अपने बच्चों को प्राइवेट और अच्छे से अच्छे स्कूलों में बच्चों को पढ़ाते हैं। जबकि सरकार द्वारा हर सुविधायुक्त व्यवस्था बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा लेकिन शिक्षा विभाग के कुछ नौकरशाह की लापरवाही के चलते शासकीय स्कूल शिक्षा स्तर उठने की बजाय और खराब रिजल्ट देखने को मिल रहा है।

### इनका कहना है

विकासखंड के जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम खराब रहा है उनकी समीक्षा कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा एवं उन स्कूलों में पढ़ाई का स्तर क्या रहा है सभी बिन्दुओं पर समीक्षा की जाएगी।

**हरीश अहिरवार**
**बीआरसी हटा**

---

किले वाले बाबा साहब की दरगाह पर हुआ सालाना उर्स मुबारक

# रात भर चलता रहा कव्वालियों का शानदार जंगी मुकाबला





हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

बस स्टैंड स्थित हजरत मलंगशाह वली औलिया रहमातुल्लाह अलैह किले वाले बाबा साहब की दरगाह पर सालाना उर्स मुबारक का आयोजन किया गया जो प्रति वर्ष 25 अप्रैल को आयोजित किया जाता था लेकिन इस वर्ष लोकसभा चुनाव के कारण 30 अप्रैल मंगलवार को उर्स मुबारक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक उमादेवी खटीक एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया एवं सोमिल सिंह हजारी उर्स कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य वर्धन सिंह हजारी द्वारा किया गया। इसके पूर्व उर्स संचालक राजेश भाई पटेरिया रशीद अहमद सिद्दीकी द्वारा मुख्य अतिथियों का पुष्पमाला पहनकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत रात्रि 10 बजे से कव्वालियों के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें देश-के मशहूर कव्वाल हलीम ताज जबलपुर, एवं कब्बाला शहनाज साबरी आगरा उत्तरप्रदेश के बीच कव्वालियों का शानदार जंगी मुकाबला तमाम रात चला रहा। जिसमें कव्वाल हलीम ताज द्वारा दमदम हुसैन, मौला हुसैन कव्वाली पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाकर आनंद लिया। वही शहनाज साबरी द्वारा भी एक से बढ़कर एक कव्वाली पेश करते हुए नातिया कलाम पेश किये। दोनों कलाकारों के बीच कव्वालियों का जंगी मुकाबला अल सुबह तक चलता रहा। उर्स मुबारक के दौरान नगर सहित पटेरा हिंडोरिया दमोह बटियागढ़ से तमाम बाबा को चाहने वाले हकीदतमंदो की उपस्थिति रही।

### मसाला निर्माण यूनिट्स का किया गया औचक निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने दमोह शहर के विभिन्न मसाला निर्माण स्थलों का औचक निरीक्षण करके स्थानीय स्तर पर निर्मित हो रहे विभिन्न ब्रांड के मसालों के नमूनें जांच हेतु लिए। स्थानीय बाजार में विभिन्न ब्रांड के मसालों में कीटनाशक एथिलिन ऑक्साइड की जांच हेतु आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार दमोह जिले में स्थित विभिन्न स्थानीय मसाला निर्माण स्थलों पर निरीक्षण की कार्यवाही की गई है। निरीक्षण की कार्यवाही में सागर रोड, जे ई एस स्कूल के पीछे स्थित सुरभि इंटरप्राइजेस की मसाला निर्माण यूनिट में निर्मित एवं विक्रय हेतु संग्रहित पीपल छाया ब्रांड हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर एवं अचार मसाला के नमूनें जांच हेतु लिए गए है। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

---

# सुदामा चरित्र के साथ कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारबिंद से इटवा लाडनबाग में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास किशोरी जी ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं।उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया हुआ। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। दुबे परिवार की तरफ से इटवा में चल रही सात दिवसीय कथा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कथा व्यास किशोरी जी ने कहा कि जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है उसका जीवन तर जाता है। मुख्य श्रोता कथा में मुख्य यजमान पंडित माधव प्रसाद दुबे श्रीमती सुमतरानी दुबे ,भरत दुबे ,मूल पाठकर्ता पं, कपिल देव शास्त्री ,कमलेश बिदुबा ,लखन लाल दुबे ,गया दुबे, लकी गर्ग , मणि शंकर तिवारी सुरेंद्र तिवारी , जुगल किशोर तिवारी,राकेश दुबे,संतोष दुबे ,बंटी दुबे ,श्याम दुबे ,गोविंद दुबे तुलसीराम मिश्रा ,मनोज दीक्षित ,कल्लू मिश्रा , परभु दयाल मिश्रा ,राममिलन मिश्रा,धर्मेंद्र मिश्रा ,देवकी पटेल सेलू असाटी एवम ग्रामीण क्षेत्रों से आए सभी ने कथा श्रवण की एवं समस्त दुबे परिवार लाडन बाग इटवा दमोह समस्त ग्राम वासियों ने साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित किया।।गुरुबार को सुबह हवन पूजन दोपहर से भंडारा आयोजित है आप सभी प्रसादी ग्रहण करने जरूर पधारें।

---

# राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों का योगदान महत्वपूर्ण - श्री भट्ट

## श्रम दिवस पर माईसेम सीमेंट फैक्ट्री नरसिंहगढ़ में हुआ विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह अजय प्रकाश मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में 01 से 04 मई 2024 तक श्रमिक विधिक सेवा अभियान के अंतर्गत श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में माईसेम सीमेंट फैक्ट्री नरसिंहगढ़ में विधिक साक्षरता शिविर जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह धर्मेश भट्ट की अध्यक्षता में किया गया। जिला न्यायाधीश/सचिव धर्मेश भट्ट द्वारा उपस्थित श्रमिकों को श्रम दिवस की शुभकामनायें देते हुये बताया कि यह दिवस मजदूरों के अधिकार, न्याय, कामकाजी स्थिति पर बात करने, दिक्कतों को जानने, श्रमिकों एवं श्रमिक आंदोलन द्वारा किये गये संघर्षों और उपलब्धियों को याद करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में श्रमिकों का योगदान महत्वपूर्ण होता है इनके बिना किस भी राष्ट्र के निर्माण की संकल्पना नहीं की जा सकती। आपने श्रम कानूनों के साथ-साथ उनके अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा बताया गया कि जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा अधिकारों का हनन होने की दशा में कानून का सहारा लेकर अपने अधिकारों को कैसे प्राप्त करें। श्रम विभाग के श्रम निरीक्षक राहुल कुर्मी ने बताया कि किसी भी श्रमिक को मजदूरी के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। साथ ही बालश्रम भी नहीं कराया जा सकता क्योंकि यह कानूनन अपराध हैं। उन्होंने बंधुआ मजदूरी एवं बालश्रम निषेध विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, माईसेम सीमेंट फैक्ट्री से एच.आर. हेड सुजीत मलिक, मैनेजमेट हेड शेखर वर्मा, एच.आर. डिपार्टमेंट अनिल कुमार शर्मा, अनिल जायसवाल, आशीष गौतम एवं श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में एच.आर. डिपार्टमेंट अनिल कुमार शर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

---

तेंदूखेड़ा के पंचवटी सिद्ध धाम मंदिर में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन बड़ी संख्या में श्रोताओं की भीड़ उमड़ी

# जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवता निवास करते हैं और वहां यश कीर्ति वैभव पद प्रतिष्ठा प्राप्त होती है -संत प्रभूदास जी महाराज



**तेन्दूखेड़ा।** नगर के पंचवटी सिद्धधाम मंदिर में यजमान महेश प्रसाद उपाध्याय द्वारा आयोजित श्री मद्भागवत कथा के तीसरे दिन बड़ी संख्या में श्रोताओं ने पहुंच कर धर्म लाभ प्राप्त किया कथा व्यास संत श्री प्रभुदास जी महाराज ने कथा सुनाते हुए बताया कि जिस स्थान पर नारियों का सम्मान होता है वहां साक्षात देवताओं का वास होता है। उन्होंने बताया कि हिंदू परंपरा में नारी को लक्ष्मी स्वरूपा और सर्वश्रेष्ठ माना गया है महराज जी पुराण की कथा विभिन्न कथाओं का वर्णन करते हुए बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो।यदि अपने गुरू,इष्ट के अपमान होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों न हो। प्रसंगवश भागवत कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा था। भागवत कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए बाल व्यास जी ने समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। बलराम जी महाराज ने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन में जिस प्रकार के कर्म करता है उसी के अनुरूप उसे मृत्यु मिलती है। भगवान ध्रुव के सत्कमोर् की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ध्रुव की साधना,उनके सत्कर्म तथा ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा के परिणाम स्वरूप ही उन्हें वैकुंठ लोक प्राप्त हुआ। कथा के दौरान महराज ने बताया कि संसार में जब-जब पाप बढ़ता है, भगवान धरती पर किसी न किसी रूप में अवतरित होते हैं। उन्होंने कहा कि कलयुग में भी मनुष्य सतयुग में भगवान कृष्ण के सिखाए मार्ग का अनुसरण करे तो मनुष्य का जीवन सफल हो सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। कमलेश महाराज ने बताया कि भागवत कथा की सभी व्यवस्थाएं ग्रामीणों व नगर वासियों के द्वारा सामूहिक रूप से की जा रही है। श्रीमद् भागवत महापुराण के तीसरे दिन प्रवचन सुनने के लिए पूरा शहर उमड़ पड़ा। भागवत पुराण पर दिए जा रहे प्रवचनों को सुनने के प्रति जनता में अपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। भागवत कथा के तीसरे दिन धुरव चरित अजमिल एवं प्रहलाद चरित्र के विस्तार पूर्वक वर्णन के साथ मनुष्य को सतमार्ग पर चलने के अनेक साधन बताए। इस अवसर पर यजमान महेश प्रसाद उपाध्याय रुकमण उपाध्याय गोपाल उपाध्याय करन उपाध्याय एवं मंदिर समित के सदस्य और व्यवस्थापक पंडित दीपक कटारे ,चौहान बाबू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सबसे मीठा बोलना भी भक्ती का लक्षण है- पं.ऋषिकांत गर्ग

**हटा।** मुख्यालय के समीपस्थ कुआखेड़ा बाजी हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिवस कथा वाचक पं. ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। व्यास जी ने भागवत कथा के दौरान कपिल चरित्र, सती चरित्र, धुरव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया। भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर हो गए।

---

# कलेक्टर कार्यालय के रीडर श्री मिश्रा हुये सेवानिवृत्त



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के रीडर का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और विदाई दी। कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ कलेक्टर के रीडर विजय मिश्रा अपने लंबे सेवाकाल के उपरांत कल सेवा निवृत हुए। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी श्री मिश्रा को पुष्पमाला पहनाकर विदाई दी। इस अवसर पर विजय मिश्रा और उनके परिजन के साथ ही अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम आरएल बागरी, डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह, डिप्टी कलेक्टर सौरभ गंधर्व सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने विजय मिश्रा के कार्यों की सराहना करते हुए उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने कहा श्री मिश्रा अपने कार्यों और दायित्व के निर्वहन में कुशल थे, इनकी कार्यशैली बहुत अच्छी थी, अवसर जब होगा उनकी सेवाओं का लाभ जरूर हमें और इस कार्यालय को मिलता रहेगा। इसके पूर्व एडिशनल कलेक्टर मीना मसराम ने कलेक्टर के रीडर रहे विजय मिश्रा के कार्यों की सराहना करते हुए उनके और परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना की। श्रीमती मसराम ने कहा कि अब आपके पास समय ही समय है, आप अपने इच्छा अनुसार लेखन किताब पढ़ना परिवार और मित्रों के बीच में जाना हर काम आसानी से कर पाएंगे। इसी अवसर पर कलेक्टर कार्यालय के पूर्व अधीक्षक श्री एसएन मिश्रा भी मौजूद रहे उन्होंने भी विजय मिश्रा के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान जनसंपर्क अधिकारी, सहायक कोषालय अधिकारी सौरभ सेलट, सहायक कोषालय अधिकारी राम अहिरवार, सहायक कोषालय अधिकारी ज्ञानेश्वर माडवी सहित अन्य अधिकारियों ने विजय मिश्रा के कार्यकाल और कार्यों की खूब सराहना की।

## खबर संक्षेप

### दो दिनों के लिये मदिरा दुकानों के लायसेंस का किया निलंबन

**दमोह।** जिले की मदिरा दुकान नरसिंहगढ़ एवं रनेह में निर्धारित समयावधि के पश्चात रात्रि में मदिरा विक्रय की प्राप्त शिकायतों पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने संज्ञान लेते हुए उक्त मदिरा दुकानों के लायसेंसियों पर कार्यवाही कर उक्त मदिरा दुकानों को 03 मई एवं 04 मई 2024 (दो दिवस) दोनो मदिरा दुकानों के लायसेंसों को निलंबन कर दिया हैं। इस सबंध ने बताया दोनो मदिरा दुकानो के लायसेंसियो पर 10-10 हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित भी किया गया हैं।

### झोलाछाप व्यक्ति इलाज करते मिले तो करें शिकायत

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया झोलाछाप व्यक्ति मरीजो का इलाज कर रहे हो तो ऐसे व्यक्तियों से संबंधित शिकायत अथवा सूचना दमोह हेल्पलाइन पर दर्ज कराई जा सकती हैं। उन्होंने कहा दमोह जिले के नागरिकों को यदि कहीं भी ऐसे व्यक्ति इलाज करते हुए दिखाई दें तो इसकी शिकायत अथवा सूचना दमोह हेल्पलाइन के नम्बर 07812350300 पर फोन अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से दर्ज कराई जा सकती हैं। उन्होंने कहा शिकायतकर्ता अथवा सूचना देने वाले की जानकारी गोपनीय रखी जायेगी।

### प्रतिभा रायकवार के प्रथम आने पर माझी समाज में हर्ष की लहर व्याप्त

**दमोह।** निषादराज माझी समाज सेवा समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरगोविंद रायकवार की है पुत्री भोपाल। निषादराज माझी समाज सेवा समिति बीजासेन माता मंदिर समिति कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरगोविंद रायकवार जी के सुपुत्री प्रतिभा रायकवार जो भोपाल की सीएम राइज महात्मा गांधी हायर सेकंडरी स्कूल में अध्यनरत है जिसने कक्षा 11 वी में 81.02% अंक अर्जित कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त कर। परिवार और समाज को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर समाज की वरिष्ठ निषादराज माझी समाज सेवा समिति बीजासेन माता मंदिर भोपाल की राष्ट्रीय अध्यक्ष शकुंतला रायकवार, राष्ट्रीय महामंत्री मूलचंद रायकवार, बीजासेन माता मंदिर समिति की अध्यक्ष पार्वती सोंधिया, महामंत्री संतोष रायकवार, उपाध्यक्ष मोंटी रायकवार, कोषाध्यक्ष नारायण रायकवार,सह कोषाध्यक्ष सतीश रायकवार, प्रदेश महामंत्री अंश बाथम, प्रदेश प्रचार मंत्री हरदयाल रायकवार ने बहिन जंयती रायकवार के पुत्र प्रिंस रायकवार को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## ग्राम पंचायत इमलीडोल के तहत आने वाले गांव जरुआ का हाल

# मूलभूत सुविधाओं के अभाव में हो रहा पलायन, बच्चों की नहीं हो रही शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

शासन-प्रशासन के नेता और अधिकारियों को अक्सर कहते हुए सुना जाता है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ ग्राम के अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है, लेकिन उनके ये दावे तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत इमलीडोल के आश्रित गांव जरूआ में फेल साबित होते नजर आ रहे हैं। ये एक ऐसा गांव है, जहां बिजली, पानी और सड़क सहित अन्य सुविधाओं का अभाव है। गांव के अंदर भ्रमण करने पर ऐसा लगता है कि जैसे हम 70-75 साल पुराने के गांव में आ गए हैं, क्योंकि ये गांव विकास की धुरी से काफी पिछड़ा हुआ है। जिसकी मुख्य वजह पंचायत के सरपंच, सचिव से लेकर जनपद और प्रशासन में बैठे अधिकारियों एवं नेताओं की गांव के प्रति अनदेखी बताई गई है। इस ग्राम में न तो पीने का शुद्ध पानी है, न ही अन्य ग्रामों की तरह बिजली और आवागमन के लिए पक्का मार्ग है। जरुआ ग्राम मुख्य मार्ग से लगभग 5 किलोमीटर दूर जंगली क्षेत्र में बसा है। इस ग्राम तक पहुंचने के लिए जंगली मार्ग से होकर जाना पड़ता है। दूसरा मार्ग इमलीडोल होकर जाता है, लेकिन कच्चा होने के साथ गड्ढों में तब्दील है। ऐसी स्तिथि में ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक बार यदि कोई पहुंच जाता है तो उसको लौटने और दूसरी बार इस ग्राम की ओर जाने में कई बार सोचना पड़ता है। हालांकि ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लिए वर्षों से आवाज उठा रहे हैं, पर उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।



### बच्चों की शादी करने दूसरे गांव में बनाते हैं आवास

जरुआ गांव में आदिवासी और यादव समाज के लोग अधिक है। आधा सा गांव सुविधाओं के अभाव में पलायन कर गया है। अब सिर्फ उनके मकान नजर आ रहे हैं और जो बचे हैं वह नारकीय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। ग्रामीण बताते है कि उनके बच्चे आज भी कुंवारे है क्योंकि जब भी कोई व्यक्ति अपनी बेटी का विवाह करता है तो पानी और आवागमन की सुविधा पहले देखता है, लेकिन इस ग्राम में इन सुविधाओं का अभाव है। बच्चे सहित बुजुर्ग पानी के लिए कई किलोमीटर दूर जाते है। पानी नहीं होने से युवाओं की शादी में कई समस्याएं आ रही है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि किसी माता-पिता को अपने बच्चे की शादी करना होती है तो वह पहले दूसरे गांव में आवास बनाता है और फिर उनकी शादी हो पाती है। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ मनीष बागरी का कहना है कि जरूआ गांव में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हूं। रिपटा मैंने देखा है। बहुत छोटा है, पर यह निर्माण किसके द्वारा कराया गया है, इसकी अभी जानकारी नहीं है। मैं जानकारी लेता हूं।

### एक रिपटा बना, लेकिन वह भी जर्जर



गांव के उत्तम यादव ने बताया कि आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक बार यदि कोई गांव पहुंच जाता है तो उसको लौटने और दूसरी बार आने में सोचना पड़ता है। जंगली रास्ते के कच्चे मार्ग में नाला है और उस पर कुछ वर्ष पहले रिपटा बनाया गया था, लेकिन उसमें भी गड़बड़ी होने पर कुछ समय बाद जर्जर होकर टूट गया। अब ये रिपटा भी मुसीबत बना हुआ है। बारिश में गांव टापू बनकर रह जाता है। राजेश ठाकुर ने बताया कि बारिश में कई दिनों तक क्षतिग्रस्त रिपटा पानी में डूबा रहता है। जिसके कारण आवागमन पूरी तरह बंद रहता है, यदि आपत्कालीन समय में कोई बीमार पड़ जाता है तो मार्ग के अभाव में कोई वाहन भी ग्राम तक नहीं आ पाता है।

## कार्यालयीन समय में अधिकारी-कर्मचारी जींस और टीशर्ट पहनकर ना आयें-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों से आग्रह किया है कि वे कार्यालयीन समय में जींस और टीशर्ट पहनकर ना आए। सरकार हमेशा से चाहती है कि जो भी अधिकारी-कर्मचारी काम करते हैं, वे सरकार के प्रतिनिधि हैं, सरकार की छवि उनसे बनती है, इसीलिए अधिकारियों-कर्मचारियों का व्यवहार और वस्त्र दोनों शालीन होना चाहिए, इसलिए इनफॉर्मल ड्रेसिंग में कार्यालय आना उचित नहीं होता है। उन्होंनें कहा अभी सबसे अपील की है की कार्यालय दिवस में यानी जिस दिन वर्किंग डे होता है, वर्किंग डे, वर्किंग टाइम और वर्किंग प्लेस पर हमेशा जो हमारे फॉर्मल ड्रेस हैं, वही पहनकर आएंगे। जींस और टीशर्ट पहनकर नहीं आएंगे। उन्होंने कहा मुझे पूरा विश्वास है अधिकारी-कर्मचारी साथी इस बात पर पूरा ध्यान देंगे और हम अपने पहनावे में जब इस तरह का परिवर्तन करेंगे तो इसका असर जनमानस पर भी पड़ेगा। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों से आग्रह करते हुए कहा कि इस मुहिम में हमारा साथ दें।

### सेन्ट जॉन्स स्कूल पर 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड

**दमोह।** जाँच समिति द्वारा सेंट जॉन्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल दमोह पर आरोपित 10 बिन्दुओं में से 07 बिन्दुओं के उत्तर समाधान कारक नहीं पाये जाने के आरोप में जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव एसके नेमा ने 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया है। जारी आदेशानुसार जिला समिति द्वारा विद्यालय द्वारा म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं इसके अंतर्गत निर्मित नियम 2020 का उल्लंघन प्रमाणित पाये जाने के फलस्वरूप जिला समिति सेन्ट जॉन्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल दमोह के विरूद्ध 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित कर राशि आयुक्त लोक शिक्षण की अधिकारिक वेबसाईट http://dpimp.in के माध्यम से ऑनलाईन अथवा OTC (ओवर द काऊंटर) चालान के माध्यम से आदेश प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर जमा कर जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव को रसीद की प्रति उपलब्ध कराई जाये। यदि समय में राशि जमा नहीं की जाती है तो अधिनियम 2017 के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। जारी आदेश में कहा गया है यदि विद्यालय प्रबंधन जिला समिति द्वारा पारित इस आदेश से संतुष्ट नहीं है तो विद्यालय प्रबंधन आदेश प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर मध्यप्रदेश निजी विद्यालय नियम 2020 के अंतर्गत प्रक्रिया फीस 2500 रूपये की राशि ऑनलाईन जमा कर राज्य समिति को अपील प्रस्तुत करने स्वतंत्र है।

## बांदकपुर में बनेगा पाषाण का भव्य जैन मंदिर, नाम होगा पारस धाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जब कभी व्यक्ति अपनी जिंदगी के भविष्य के संबंध में सोचता है तो वह अपने आप को भयभीत महसूस करता है। ऐसा क्यों होता है। भविष्य का भय हमारे लिए सबसे ज्यादा घातक होता है। एक वर्तमान का भय होता है। वर्तमान में व्यक्ति तब भयभीत होता है जब व्यक्ति गलत कर बैठता है। जब गलत हो जाता है तो वह डर जाता है। डरना बुरी चीज नहीं है। डरना बहुत बड़ा धर्म है। क्योंकि डरे बिना मोक्ष मार्ग नहीं बनेगा। डरे बिना व्यक्ति अपने जीवन का सुधार नहीं कर सकता। और व्यक्ति को डर लग रहा है तो वह निश्चित हो गया है कि वह इतना ज्ञानी तो हो गया कि मेरे से कुछ गलत हो गया है। इतना ज्ञानी जो होता है मिथ्या दृष्टि है संसारी भले है लेकिन उसका बहुत जल्द कल्याण होगा। तो हमारे लिए प्रारंभ देखना है कि तुम पाप करते हो कि नहीं करते हो। यह नहीं पूछ रहा हूं तुम पाप छोड़ोगे कि नहीं छोड़ोगे। यह नहीं पूछ रहा हूं कि तुम्हें पाप करने के बाद डर लगता है कि नहीं लगता क्या। चोरी करने के बाद डर लगता है क्या। यदि लगता है तो तुम्हारे लिए कल्याण का रास्ता है तो तुम्हारा कल्याण हो जाएगा। यह उद्गार बांदकपुर में विराजमान पूज्य निर्यापक मुनि पुगंव 108 सुधा सागर जी महाराज ने व्यक्त किये । बांदकपुर दिगंबर जैन मंदिर को नया नाम मिला मुनि श्री ने दिगंबर जैन मंदिर बांदकपुर को पारस धाम घोषित किया गया। इससे पहले सुबह मुनिश्री के मुखारविंद से अभिषेक व शांति धारा का पुण्य बांदकपुर वासियों को मिला। परस धाम में नए जिन मंदिर का शिलान्यास भी मुनिश्री के आशीर्वाद व सानिध्य में शुरू हुआ। प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया अशोक नगर वालों ने अपनी मार्गदर्शन में मंदिर शिलान्यास का कार्यक्रम किया अपनी चंचल लक्ष्मी का सद्ुपयोग कर संजय जैन अरिहंत दमोह, सुनील डबुल्या अध्यक्ष जैन समाज बांदकपुर, ब्रह्मचारी नितिन भैया सहित समाज के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर अपना आर्थिक सहयोग देकर मंदिर निर्माण में सहभागिता ने निभाई।

## सहायक शिक्षक आंकखेडा निलंबित

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने मतदान केन्द्र क्रमांक 183 हिनौती सर्रा तहसील तेंदूखेड़ा में मतदान के दौरान नियुक्त पीठासीन अधिकारी एवं सहायक शिक्षक माध्यमिक शाला आंकखेडा संकुल केन्द्र मुडिया प्रदीप विल्थरे को लापरवाही के आरोप मे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया हैं। ज्ञात हो सहायक रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा निर्वाचन 2024 विधानसभा क्षेत्र 56. जबेरा के प्रतिवेदन आधार पर मतदान दिवस को वीडियो वायरल होने की घटना संज्ञान में आने के आरोप में उक्त कार्रवाई की गई है। निलंबन की अवधि में श्री विल्थरे का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दमोह निर्धारित किया गया है एवं निलंबन अवधि में इनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### शिक्षक की भूमिका वट वृक्ष की तरह - डॉ. सोनवलकर

**दमोह/-** शिक्षक एक कामधेनु और वट वृक्ष की तरह है जो जीवन भर अपने संस्कारों से विद्यार्थियों को प्रेरित करता रहता है। उक्त आषय के उद्गार राष्ट्रपति पुरूस्कार प्राप्त प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर ने व्यक्त किये। वे स्थानीय सिंधी कैम्प माध्यमिक विद्यालय दमोह में कर्मठ षिक्षिका श्रीमति शोभा-प्रदीप खरे के विदाई समारोह में कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि रमेष तिवारी थे, विषिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप अग्रवाल, ओमप्रकाष श्रीवास्तव, महेन्द्र जैन, मनीष भारद्वाज एवं एम.के. खरे की उपस्थिति रही। भव्य एवं गरिमामय विदाई समारोह का प्रारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के द्वारा किया गया। कु0 प्रतिभा बंसल ने सुंदर सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मंचासीन अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त षिक्षिका श्रीमति शोभा खरे का शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह से सम्मान किया। सम्मान पत्र का वाचन कवियत्री प्रेमलता उपाध्याय ने किया और कहा कि श्रीमति शोभा कर्मठ, जुझारू, सदाचारी, धीर-गंभीर और अनेक गुणों से सुषोभित षिक्षिका हैं। मंचासीन अतिथियों ने श्रीमति खरे के षिक्षकीय कार्यकाल की भूरि-भूरि सराहना की। कार्यक्रम में षिक्षक राजकुमार खटीक, योगेष खरे, पूरनचंद जैन, ऊषा चंदेल, स्नेहलता जैन, रष्मि खरे, संजय श्रीवास्तव, सीमा चौरसिया, सुमन पांडे, दुर्गा ठाकुर, भूरी बाई, मालती, अनीता, कांति दुबे आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीमति भारती राठौर और प्रेमलता उपाध्याय ने किया।

## दो वर्ष पहले बना भवन हुआ जर्जर



**पथरिया।** विगत करीब दो वर्ष पहले नगर परिषद द्वारा नगर के हनुमान मंदिर के माध्यमिक शाला के पास हाईस्कूल ग्राउंड परिसर में वार्ड नं 3 की आंगनबाड़ी केंद्र भवन व बाउंड्री वॉल का निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया गया जिसमें संबंधित ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया गया जिससे आंगनबाड़ी केंद्र भवन व बाउंड्री वॉल जगह जगह से जर्जर हालत में हो गई है। जिला कलेक्टर से मांग है कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र भवन की निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की जाएं।

### मुनि श्री विराट सागर जी ससंघ एवं मुनि श्री अविचल सागर जी का कुंडलपुर से विहार

**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र ,जैन तीर्थ कुंडलपुर की पावन धरा पर युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्यों का समागम निरंतर प्राप्त हो रहा है ।श्रद्धालु भक्त मुनि संघों आर्यिका संघों के दर्शन लाभ ले रहे हैं एवं आहारचर्या में भाग लेकर आहार दान कर पुन्यार्जन कर रहे हैं। प्रतिदिन श्रद्धालु भक्त बड़ी संख्या में कुंडलपुर के बड़े बाबा के दर्शन ,अभिषेक कर पुण्य संचय कर रहे हैं ।आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान महोत्सव 16 अप्रैल को सानंद संपन्न होने के बाद भगवान महावीर जन्म कल्याणक के पश्चात कुंडलपुर से मुनि संघों का विहार का क्रम निरंतर जारी है। 1 मई 2024 को प्रातः बेला में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से मुनि श्री विराट सागर जी महाराज ,मुनि श्री निस्संग सागर जी महाराज का मंगल विहार कुंडलपुर से पटेरा की ओर हुआ। पटेरा नगर में मुनि संघ की आहारचर्या संपन्न हुई। शाम को मुनि श्री विराट सागर, निस्संग सागर जी का विहार हुआ एवं देवडोंगरा में मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज जी के दर्शन के पश्चात रात्रि विश्राम देवडोंगरा में हुआ। मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज का मंगल विहार पटेरा होते हुए बरखेड़ा ग्राम में रात्रि विश्राम हुआ।

## नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय भवन का ऑनलाईन हुआ उद्घाटन




**दमोह।** मुख्य न्यायाधिपति उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश न्यायमूर्ति श्री रवि मलिमठ के कर कमलों द्वारा एवं पोर्टफोलियो न्यायाधिपति उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर न्यायमूर्ति श्री गुरपाल सिंह आहलूवालिया की गरिमामयी उपस्थिति में गत दिवस व्ही.सी. के माध्यम से दमोह के नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय भवन का ऑनलाईन उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय अंजनी नंदन जोशी, विशेष न्यायाधीश शरतचंद्र सक्सेना, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ कमलेश भारद्वाज, सचिव सुधीर पाण्डे सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**दमोह।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव 10 मई को पूरे भक्ति भाव एवं धूमधाम से मनाया जाएगा जिसकी तैयारी को लेकर सिविल वार्ड नं. 4 के शिव पार्वती मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक हुई जिसमें उपस्थित विप्र जनों की सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 10 मई को प्रातः 8 बजे पॉलिटेक्निक के पास परशुराम टेकरी पर भगवान परशुराम का पूजन, अर्चन, हवन एवं प्रसाद वितरण होगा। प्रातः 10 बजे से शिव पार्वती मंदिर में सुंदरकांड प्रारंभ होगा एवं शाम 5 बजे यही से एक भव्य शोभा यात्रा प्रस्थान करेगी जो कोऑपरेटिव बैंक चौराहा, बस स्टैंड, स्टेशन चौराहा, राय चौराहा, घंटाघर, अस्पताल चौराहा, कोऑपरेटिव बैंक चौराहा होते हुए शिव पार्वती मंदिर पर समापन होगा तथा यहां पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा। अगली बैठक 4 मई को शाम 8 बजे शिव पार्वती मंदिर प्रांगण में होगी जिसमें विप्र जनों से उपस्थित होने की अपील सर्व ब्राह्मण समाज ने की है।

## नौकरी गांव में, काम कर रहे शहर में ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

ग्रामीण क्षेत्र में शासन द्वारा अनेक विभागों के कार्यालय तो खोल दिए गए हैं लेकिन कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी मुख्यालय पर दिखाई नहीं देते हैं जिससे आमजन को परेशान होना पड़ रहा है। विभागों के वरिष्ठ अधिकारीयो द्वारा शासकीय कार्यालयो का निरीक्षण नहीं किये जाने से निर्भय होकर कर्मचारी अपनी मनमर्जी से मुख्यालय पर आते है। जहां एक ओर मध्यांचल ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक श्री गुप्ता जी अपने मुख्यालय ग्राम गैसाबाद मे ही निवास करते हुए ग्रामीण जनों को सुविधाएं मुहैया करा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर अन्य शासकीय कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी मुख्यालय पर ना रहते हुए अप डाउन प्रक्रिया के भरोसे चल रहे हैं। सबसे अधिक दयनीय हालत तो राजस्व विभाग की बनी हुई है शानस द्वारा ग्राम में उप तहसील कार्यालय तो बना दिया गया लेकिन कार्यालय में उप तहसीलदार महोदय कभी दिखाई नहीं दिए। लिपिक और पटवारी भी उप तहसील कार्यालय में दिखाई नहीं देते है। ग्रामीण जनों की सुविधा के लिए ग्राम गैसाबाद में उप तहसील कार्यालय खोला गया था लेकिन इसका समुचित लाभ ग्रामीण जनों को प्राप्त नहीं हो पा रहा है। ग्राम में पदस्थ पटवारी का तर्क होता है, कि मैं गैसाबाद और बलैह दोनों हल्का देख रहा हूं। इसलिए मुझे दोनों जगह जाना पड़ता है, शिक्षा विभाग में पदस्थ कर्मचारी डेली अप डाउन कर बसों के टाइम टेबल से मुख्यालय पहुंच रहे है। यहां का संकुल केंद्र शासन के द्वारा निर्धारित समय के अनुसार नहीं बल्कि बसो के टाइम टेबल से संचालित हो रहा है। ग्राम का पशु औषधालय एकमात्र स्थानीय कर्मचारी रामकृपाल बर्मन के भरोसे चल रहा है एक अकेला कर्मचारी ही पूरा पशु औषधालय केंद्र चला रहा है। एवं आसपास के गांव में भी पहुंच कर मवेशियों का उपचार कर रहा है। इस विभाग में कुछ डॉक्टर आए भी तो दो चार महीना के बाद ही अपना स्थानांतरण करा के अन्य जगह चले गए। ग्राम में जो योगा की क्लास चलाई जा रही है उसमें तो पता ही नहीं है कि ग्राम में कौन योगा सीखा रहा है । सबसे बड़ी विडंबना तो यह है कि ग्राम में पदस्थ पंचायत सचिव भी पंचायत मुख्यालय पर बहुत कम दिखाई देते हैं जिससे लोगों को पंचायत से संबंधित कार्य करवाने में आसुविधा होती है, क्षेत्रवासियों ने शासन प्रशासन से कर्मचारियों को मुख्यालय पर रहने के लिए आदेशित किया जाने की मांग की है।

## आज से बसों का आवागमन मार्ग प्रायोगिक तौर पर परिवर्तित कर रहे है-कलेक्टर

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा बसों के आवागमन का मार्ग परिवर्तित कर रहें है। उन्होंने कहा जैसा कि आप सभी को यह बताया था कि यह व्यवस्था हम प्रायोगिक तौर पर कर रहें है। यह लगभग इस पूरे महीने जारी रहेगी। इसकी सफलता और असफलता के आधार पर फिर हम आगे की रणनीति तय करेंगे, यह कैसे काम कर पाती है या नहीं कर पाती है, उसके आधार पर हम अपनी रणनीति में संशोधन करेंगे। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुये कहा आज 02 मई से जो प्रारंभ होने वाली व्यवस्था है, इसमें आप सभी सहयोग दें, हमें फीडबेक भी दे कि यह व्यवस्था आपको कैसी लग रही है और यदि आप लोग कोई सुझाव देना चाहते है तो उन सुझावों का हृदय से स्वागत करेंगे। यह हमारा एक प्रयास है जिला प्रशासन का, पुलिस प्रशासन का, नगरपलिका का, एसडीएम कार्यालय का हम सभी का प्रयास है कि शहर में बसों के आवागमन में कारण किसी प्रकार की दिक्कत न हो और दुर्घटनाओं में भी कमी आयेंगी। उन्होंने कहा इसमें आप सभी के सुझावों का सदैव स्वागत रहेगा।

## सीमांकन महाअभियान की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जायेगी

**दमोह ।** सीमांकन महाअभियान 01 मई से प्रारंभ हुआ हैं। इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाये साथ ही मुनादी कर आमजन को इसकी सूचना दी जाये। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर समय-सीमा बैठक के दौरान दिये। उन्होंने कहा इस महाअभियान को गंभीरता से लिया जाये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।‹ कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा नरवाई के 67 प्रकरणों में से 60 प्रकरणों को सबंधितों को भेजा गया हैं इन प्रकरणों पर जुर्माने की कार्यवाही एसडीएम और तहसीलदार करेंगे। उन्होंने कहा दमोह हेल्पलाईन में 24 घंटे में निराकरण किया जाता हैं इसे गंभीरता से लिया जाये अन्यथा कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा बिना मुंडेर के कुओं को ढाकने की कार्यवाही की जाये ताकि कोई अप्रिय घटना ना हो। उन्होंने सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों, जनपद अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा नालों की सफाई प्रतिदिन सुनिश्चित कराई जाये। इस दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने सी.एम. हेल्पलाइन सहित अन्य प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कोचर ने निर्वाचन के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा आप सबने बेहतर कार्य किया जिसके लिए आप सभी को बधाई और शुभकामनाएं।

## जल भराव से निपटने नाले-नालियों की सफाई का अभियान प्रारंभ-कलेक्टर

**दमोह ।** बारिश के समय शहर में जल भराव की स्थिति न बने इस उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने नगरपालिका एवं नगर परिषदों को जल भराव से निपटने के लिये नाले-नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज से दो बड़े अभियान प्रारंभ किए हैं पहला अभियान नाले और नलियों की सफाई का अभियान है, ताकि बारिश के समय में शहरी क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो। दमोह नगर पालिका ने इस अभियान की शुरुआत कर दी है, जिले की बाकी नगर पालिका और नगर परिषदें भी 5 मई से यह अभियान शुरू करने वाली है और यह अभियान पूरे माह लगातार चलेगा जब तक की सारी नालियां साफ नहीं हो जाती है। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा इस अभियान में सभी अपना सहयोग दें और यदि नाले-नालियों पर कोई अतिक्रमण है, तो कृपया स्वयं हटा लें ताकि बारिश में आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा जल भराव के कारण ना हो।